संख्याः 217 / 2021 / 2313 /चार-2021

प्रेषक,

विनय श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0
जवाहर भवन, लखनऊ।

2. महानिदेशक,
पर्यटन निदेशालय,
लखनऊ।

3. जिलाधिकारी,
लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग

लखनऊः दिनांक 13 दिसम्बर, 2021

विषयः- आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव के अन्तर्गत काकोरी बलिदान दिवस दिनांक 19.12.2021 को जनपद लखनऊ में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सचिव, उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ के पत्र संख्या-972/प्रथम-453/ 2021-22 दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 (प्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा काकोरी के बलिदान दिवस दिनांक 19.12.2021 को जनपद लखनऊ में 'हॉफ मैराथन', लखनऊ रेजीडेन्सी में लाइट एण्ड साउण्ड शो, आकाशीय ड्रोन शो, आजादी की शौर्यगाथा- चित्रांकन एवं प्रदर्शनी एवं काकोरी में 'काकोरी के क्रांतिवीर-चित्रांकन एवं प्रदर्शन' से संबंधित विविध आयोजनों से अवगत कराते हुए संस्कृति विभाग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यक्रमों हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि प्रस्तावित कार्यक्रमों में रेजीडेंसी, लखनऊ में लाइट एण्ड साउण्ड शो, आकाशीय ड्रोन शो, रेजीडेन्सी में मंचीय व्यवस्था तथा काकोरी में मंचीय व्यवस्था का कार्य उ0प्र0 पर्यटन विभाग एवं स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है।

3. उक्त संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार काकोरी के बलिदान दिवस दिनांक 19.12.2021 को जनपद लखनऊ में 'हॉफ मैराथन', 'आजादी की शौर्यगाथा- चित्रांकन एवं प्रदर्शनी' एवं काकोरी में 'काकोरी के क्रांतिवीर-चित्रांकन एवं प्रदर्शन' एवं अन्य के आयोजन हेतु रू0 36.80 लाख (रूपये छत्तीस लाख अस्सी हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नानुसार प्रदान की जाती हैः-

क्रमांक	कार्य का विवरण	धनराशि
1.	आजादी/75 हाँफ मैराथन-1090 चैराहे से शहीद पथ लिंक रोड तक • 2000 व्हाइट टी शर्ट लोगो प्रिन्टेड • 2000 मेडल सर्टिफिकेट • 1000 टाइमिंग चिप (03 टाइमिंग मैटिंग) • 2000 रिफ्रेशमेंट/हाईड्रेशन • प्रमोशन/एडवरटाइजमेंट (400 स्टैण्डी 6×3 फिट, 50 फ्रेम	रू0 27.30 लाख

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	10×10 फिट, 8 होर्डिंग 20×10 फिट, 02 एल.ई.डी., एफ0एम0 रेडियो एवं सोशल मीडिया) • कल्चरल म्यूजिकल बैण्ड, 10 ढोल टीम • सेलिब्रेटी गेस्ट/स्पोर्ट्स पर्सन (01+01+24+10=36) • कैश प्राइज एवं स्मृति चिन्ह (चरण 21 किमी0-12 पुरस्कार, द्वितीय चरण 10 किमी0-12 पुरस्कार, तृतीय चरण 05 किमी0-12 पुरस्कार= कुल 36 पुरस्कार) • टेन्ट, स्टेज, एन्कर, साउण्ड, सेल्फी प्वाइंट (5 पगौड़ा टेंट, 2 शेफ हाउस टेंट, 01 मेडिकल टेंट, 01 बड़ा स्टेज, 01 सेल्फी प्वाइंट प्लेटफार्म, 70 चेयर, 15 सोफा, 15 टेबिल) • अन्य व्यय (आर्गेनाइजर/मैनेजमेंट स्टाफ मानदेय, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, डेकोरेशन, वालेन्टियर आदि)	
2.	**सांस्कृतिक कार्यक्रम** - 01 दल फरवाही, 01 दल ढेढिया, 01 दल राई, 01 दल धोबिया लोक नृत्य हाँफ मैराथन मार्ग पर कुल 04 दल प्रति दल 10 सदस्य / 25,000/-	रु0 1.00 लाख
3.	**काकोरी के क्रान्तिवीर** - चित्रांकन एवं प्रदर्शन 75 मीटर कैनवास पर, शहीद स्मारक, काकोरी में • 75 मीटर कैनवास • कला सामग्री (कलर, ब्रश, पैलेट, धोती आदि) • कैनवास स्ट्रेचिंग, स्थापन (प्लाई, बल्ली, मेज) • 01 क्यूरेटर आर्टिस्ट, 10 लीड कलाकार एवं 25 सहयोगी कलाकारों का मानदेय, भोजन व्यवस्था • फ्लैक्स, बैनर, पूर्व स्थापित 15 चित्रों का रेस्टोरेशन एवं बीडिंग • यातायात एवं अन्य व्यय	रु0 04.00 लाख
4.	**उ0प्र0 - आजादी की गौरवगाथा चित्रांकन एवं प्रदर्शनी 75 मीटर कैनवास पर, रेजीडेन्सी में** • 75 मीटर कैनवास • कला सामग्री (कलर, ब्रश, पैलेट, धोती आदि) • कैनवास स्ट्रेचिंग, स्थापन (प्लाई, बल्ली, मेज) • 01 क्यूरेटर आर्टिस्ट, 10 लीड कलाकार एवं 25 सहयोगी कलाकारों का मानदेय, भोजन व्यवस्था • फ्लैक्स, बैनर आदि • यातायात एवं अन्य व्यय	रु0 3.50 लाख
5.	आयोजन से सम्बन्धित होर्डिंग, स्टैण्डी, बैकड्राप, ब्रोशर, विज्ञापन	**रु0 1.00 लाख**
	कुल योग (रुपये छत्तीस लाख अस्सी हजार मात्र)	**रु0 36.80 लाख**

4. हॉफ मैराथन के आयोजन हेतु चयनित संस्था शो नवाब्स फाउंडेशन द्वारा इवेंट पार्टनर के रूप में सहयोग किया जायेगा। सुसंगत वित्तीय नियमों एवं procurement manual के अन्तर्गत व्यय संस्कृति विभाग के अन्तर्गत कार्यरत संस्थाओं द्वारा किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

5. उक्त वित्तीय स्वीकृति के अन्तर्गत धनराशि आहरित कर संस्कृति विभाग के संस्थान उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ को उपलब्ध करायी जायेगी जिनके द्वारा धनराशि नियमानुसार संबंधित को उपलब्ध करायी जायेगी। आजादी का अमृत महोत्सव एवं चौरी-चौरा शताब्दी समारोह के अन्तर्गत लखनऊ में कराये जाने वाले समस्त कार्यक्रम के लिए सचिव, ललित कला अकादमी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

6. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा। अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

7. समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जायेगा तथा कार्यक्रम के फोटोग्राफ, वीडियो आदि उपलब्ध कराये जाएंगे। कार्यक्रम के बिल वाउचर आदि उपलब्ध कराने के पश्चात् भुगतान की कार्यवाही एक सप्ताह में पूर्ण की जायेगी।

8. उक्त धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-19-चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव-42-अन्य व्यय मद से किया जायेगा।

संलग्नक-उपरोक्तानुसार।

भवदीय,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

सं0- 217 / 2021 / 2313(1) / चार-2021, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रधान महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. डा0 यशवन्त सिंह राठौर, सचिव, उ0प्र0 राज्य ललित कला अकादमी, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया प्रभावी अनुश्रवण एवं समन्वय करते हुए उक्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पादित कराने का कष्ट करें।
4. निदेशक, उ0प्र0 जैन विद्या शोध संस्थान, लखनऊ।
5. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. वित्त(लेखा) अनुभाग-1/वित्त(ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(विनय श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in